**बिहार विधान सभा**

**सप्तदश बिहार विधान सभा ,सत्र सं. : 3 के कुल विभाग से उत्तर प्राप्त प्रश्नों की सूची**

**विभाग का नाम : - नगर विकास एवं आवास विभाग**

**प्रश्न का स्वरूप : - अल्प सूचित**

**(1.)** प्रश्न संख्या : **370** माननीय सदस्य का नाम : **श्री नीतीश मिश्रा**

**विषय - वस्तु :**

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि; 1. क्या यह बात सही है कि राज्य में शहरों की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखकर नगर के विकास में नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पंचायतों की संख्या में सरकार द्वारा वृद्धि किया जा रहा है; 2. क्या यह बात सही है कि बिना मास्टर प्लान के शहरों का विकास करने से नक्शे को पास किये बनाये गये मकान को सड़क एवं रास्ता, जल निकासी, हरित क्षेत्र लोगो को कई समस्या से जूझना पड़ रहा है; 3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार सभी तरह के निकायों वाले शहरों को विकसित करने की कार्य योजना का मास्टर प्लान बनाना चाहती है; हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

**उत्तर दिनांक :** 26-Jul-2021

**उत्तर**

: स्कैन प्रतिलिपि देखें

| |
|---|
| **1-** स्वीकारात्मक। |
| **2-** आंशिक स्वीकारात्मक। |
| **3-** स्वीकारात्मक।<br><br>राज्य के सभी जिला मुख्यालय शहरों का मास्टर प्लान तैयार करने की कार्रवाई **सुशासन के कार्यक्रम** के अन्तर्गत किया जा रहा है। साथ ही, एक लाख से ज्यादा आबादी वाले 27 शहरी क्षेत्रों का मास्टर प्लान भारत सरकार की AMRUT योजना के अन्तर्गत तैयार किया जा रहा है, जिसमें 22 जिला मुख्यालय शहर शामिल है। इस प्रकार राज्य के सभी जिला मुख्यालयों शहरों, AMRUT योजना के अन्तर्गत चयनित शहरों तथा कुछ अन्य मुख्य शहरों सहित कुल 46 शहरों का Geographical Information System (GIS) आधारित मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसमें पटना महायोजना-2031 अधिसूचित है।<br><br>मास्टर प्लान तैयार करने के क्रम में आयोजना क्षेत्र की घोषणा की जाती है एवं आयोजना प्राधिकार का गठन किया जाता है। वर्त्तमान में 13 आयोजना क्षेत्र अधिसूचित है एवं 13 आयोजना क्षेत्र प्राधिकार का गठन किया गया है। |

****************************************